# कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीवा (म0प्र0)

फोन नं 07662292366 ई–मेल dcourtrew@nic.in

## //निविदा आमंत्रण सूचना//

जिला एवं सत्र न्यायालय, रीवा में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु लेखन सामग्री के कय बावत् सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जा रही है। इच्छुक व्यापारी/विक्रेता/निर्माता अपनी निविदाएं सीलबंद कर पूर्ण जानकारी सहित जिला एवं सत्र न्यायालय रीवा में दिनांक 13.05.2025 को दोपहर 02:00 बजे तक आवक–जावक शाखा में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 13.05.2025 को शायं 05:00 बजे कय समिति के समक्ष निविदाकर्ता/प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी। निविदाएं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीवा के नाम से प्रस्तुत की जावेंगी। निविदा की शर्तें एवं सामग्री की संपूर्ण जानकारी मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की वेबसाइट www.Mphc.gov.in एवं जिला न्यायालय रीवा की वेबसाइट https://rewa.dcourts.gov.in/ पर भी उपलब्ध है, जहां से निविदा प्रारूप एवं शर्तें डाउनलोड की जा सकती हैं।

12.5.25

For प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जिला रीवा म0प्र0

# कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीवा (म0प्र0)

फोन नं 07662292366 ई–मेल dcourtrew@nic.in

## :: निविदा शर्तें ::

1– सील बंद निविदाएं जिला न्यायाधीश, रीवा के नाम से दिनांक 13.05.2025 को दोपहर 02:00 बजे तक प्राप्त हो जाना चाहिए। उक्त निविदा दिनांक 13.05.2025 को सायं 05:00 बजे निविदाकर्ताओं के समक्ष जिला न्यायालय में गठित क्रय समिति / निविदा समिति द्वारा खोली जाएगी।

2– जिस सामग्री के संबंध में निविदा प्रस्तुत की जा रही है, उसका नाम निविदा फार्म पर स्पष्ट लिखा जावे।

3– नियत दिनांक एवं समय के पश्चात निविदा प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जावेगा।

4– आदेशानुसार सामग्री न्यायालय तक पहुंचाए जाने का समस्त दायित्व निविदाकार का होगा।

5– प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा को यह अधिकार होगा कि निविदा खोलते समय यदि किसी सामग्री की दर अन्य निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत दरों से अपेक्षाकृत कम है तो ऐसी स्थिति में दरों के आधार पर एक से अधिक निविदाकर्ताओं से पृथक–पृथक अनुबंध किया जा सकता है एवं बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को निरस्त कर सकते हैं।

6– निविदा में प्रत्येक सामग्री किस कंपनी द्वारा निर्मित है, सामग्री का साईज नाप, तौल आदि निविदा में अंकित करना अनिवार्य है।

7– निविदा एवं निविदा के साथ संलग्न सभी दस्तावेजों में निविदाकर्ता के हस्ताक्षर व सील होना आवश्यक है।

8– निविदाकार द्वारा दी गई सूची की सामग्री आवश्यकतानुसार स्वीकृत दर एवं मात्रा पर प्रदाय करने हेतु निर्धारित तिथि तक बाध्य होगा।

9– प्रदाय की गई कोई भी सामग्री चाही गई कंपनी की न होने पर अथवा उससे निम्न स्तर की होने की दशा में ऐसी सामग्री निविदाकार को अपने व्यय पर वापस उठाना होगा तथा कंपनी के अनुसार सामग्री अतिशीघ्र प्रदाय करनी होगी।

10– निविदा में प्रत्येक सामग्री का स्पष्ट विवरण होना चाहिए एवं प्रत्येक सामग्री का सेम्पल होना चाहिए, जो सेम्पल प्रस्तुत नहीं करेगा, उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।

11– निविदा से संबंधित शर्तें एवं प्रदाय किये जाने वाले सामान की सूची उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की वेबसाइट www.Mphc.gov.in एवं जिला न्यायालय रीवा की वेबसाइट https://rewa.dcourts.gov.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है।

12– निविदा आवेदन पत्र मय शर्तों एवं सामग्री सूची तथा राशि 250/– डीडी/ऑनलाइन के माध्यम से शासन के हेड 0070–01–800–0000 में जमा कर चालान की मूलप्रति प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रीवा के नाम से प्रस्तुत की जायेगी तथा राशि रूपये 250/– किसी भी स्थिति में वापसी योग्य नहीं होगी।

13– सामग्री का आदेश प्राप्त होने पर सामग्री निर्धारित अवधि में प्रदाय करनी होगी।

14– निविदा की दरें अनुबंध दिनांक से 31 मार्च 2026 तक मान्य होगी एवं अनुबंध आपसी समझौते पर और विक्रेता के संतोषजनक प्रदर्शन के अधीन अनुमोदित दरों पर आगामी एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है।

15– निविदाकार, वाणिज्यकर/जीएसटी पंजीयन होने का जीवित प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करें तथा साथ ही फर्म ने आयकर अदा किया है उस पर कोई कर बकाया नहीं है स्पष्ट करें।

16– लेखन सामग्री की सूची के अनुसार जिन सामग्रियों के निर्माता कंपनियों के नाम अंकित है, केवल उन्हीं कंपनियों के सामग्री की दर देवें। अन्यथा मान्य नहीं होगी।

17— निविदाकारों को सुरक्षा निधि के रूप में 20,000/— (अक्षरी रूपये बीस हजार रूपये मात्र) की ईएमडी/एफडीआर के रूप में निविदा के साथ जमा करनी होगी, जो कि 31 मार्च 2025 तक वैध हो। एफडीआर के अतिरिक्त कोई भी ईएमडी जमा करने पर निविदाकारों की निविदा निरस्त की जा सकती है।

18— सभी लेखन सामग्री के ब्रान्डेड/नान ब्रान्डेड के नमूने निविदा खोली जाते समय निविदा समिति द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा।

19— किसी भी शर्त के भंग होने पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीवा को अनुबंध निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा सुरक्षा निधि राजसात कर दी जाएगी।

20— शासन द्वारा लागू जीएसटी की दरें अधिक या कम होने पर विचारणीय होगा।

21— सम्पूर्ण सामग्री की दरें समस्त करों सहित दी जाये।

22— **वित्तीय/तकनीकी लिफाफा**— निविदाकर्ता पृथक—पृथक वित्तीय, तकनीकी एवं ईएमडी की राशि वाले लिफाफे तैयार कर उन पर वित्तीय, तकनीकी विड, ईएमडी लेख करते हुए उक्त तीनों लिफाफों को चौथे लिफाफे में मुहरबंद कर निविदा प्रस्तुत की जाएगी।

23— निविदा खोली जाते समय सर्वप्रथम तकनीकी विड एवं ईएमडी की राशि के लिफाफे खोले जाएंगे जिस निविदाकर्ता द्वारा ईएमडी की राशि एवं तकनीकी विड से संबंधित चाहे गए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाएंगे उन निविदाकर्ताओं की निविदा पर वित्तीय विड के संबंध में कोई विचार नहीं किया जावेगा। तकनीकी विड में सफल निविदाकर्ताओं के ही वित्तीय पेड के लिफाफे खोले जाएंगे।

24— निविदा द्वारा सामग्री की जो भी दरें दी गई है, वह एक वर्ष के लिए यथावत रहेंगी निविदाकरों द्वारा किसी भी वस्तु की दर बढ़ाने हेतु किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

25— निविदा प्रस्तुत करते समय निविदा से संबंधित आवश्यक जानकारी हेतु जिला न्यायालय रीवा के कार्यालय के दूरभाष नं 07662292366 पर संपर्क किया जा सकता है।

12.5.25

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जिला रीवा (म0प्र0)

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
नाम एवं पता:—

परिशिष्ट–ए

<u>लेखन सामग्री</u>

| क0 | सामग्री का नाम विवरण सहित | कय की जाने वाली सामग्री की कंपनी | 01 वर्ष में कय की जाने वाली संभावित सामग्री की संख्या | निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली प्रति नग/प्रति पैकिट दर जीएसटी सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सफेद ए–4 साइज पेपर, 75 Gsm | जे.के./डबल ए 75 Gsm | 1500 पैकेट | |
| 2 | सफेद लीगल साइज(फोटो स्टेट) पेपर, 75 Gsm | जे.के./अन्य 75 Gsm | 1300 पैकेट | |
| 3 | जजमेंट पेपर हरा, ए–4 साइज 80 Gsm | जे.के./अन्य कंपनी 80 Gsm | 600 पैकेट | |
| 4 | मार्कर पेन काला–नीला (पतला) | रेनॉल्ड/रोर्टियो | 100 नग | |
| 5 | मार्कर पेन मोटा काला/नीला | रेनॉल्ड/रोर्टियो | 200–200 नग | |
| 6 | गोंद ट्यूब (छोटी) | कैमल/प्रीमियर कंपनी | 1000 नग | |
| 7 | गोंद शीशी 100 एम.एल. | कैमल/प्रीमियर कंपनी | 400 डिब्बी | |
| 8 | स्टेपलर (छोटा) एच.डी 10 | कंगारू कंपनी | 100 नग | |
| 9 | स्टेपलर पिन (छोटी) 10 नंबर | कंगारू कंपनी | 600 डिब्बी | |
| 10 | स्टेपलर (बड़ा) एच.डी 45 | कंगारू कंपनी | 100 नग | |
| 11 | स्टेपलर बड़ा, एच.पी. 45 | कंगारू कंपनी | 20 नग | |
| 11 | स्टेपलर पिन (बड़ी) 24/6 | कंगारू कंपनी | 300 डिब्बी | |
| 12 | ब्राउन सेलो टेप 2 इंच 100 मीटर | वण्डर/अन्य कंपनी | 300 नग | |
| 13 | सफेद सेलो टेप 2 इंच 100 मीटर | वण्डर/अन्य कंपनी | 300 नग | |
| 14 | सफेद सेलो टेप 1 इंच 65 मीटर | वण्डर/अन्य कंपनी | 500 नग | |
| 15 | व्हाइटनर पेन | कोरस/अन्य कंपनी | 200 नग | |
| 16 | स्टांप पैड इंक नीली, 100 एम.एल | अशोका/मोहिनी | 400 डिब्बी | |
| 17 | स्टांप पैड इंक लाल, 100 एम.एल | अशोका/मोहिनी | 50 डिब्बी | |
| 18 | सफेद लिफाफा 9X4 | ताजमहल कंपनी | 100 पैकेट | |
| 19 | सफेद लिफाफा 11X5 | ताजमहल कंपनी | 100 पैकेट | |
| 20 | पीला लिफाफा 11X5 | — | 500 नग | |
| 21 | पीला लिफाफा ए–4 साइज | — | 1000 नग | |
| 22 | पीला लिफाफा लीगल साइज | — | 200 नग | |
| 23 | पीला लिफाफा 16X12 साइज | — | 200 नग | |
| 24 | शॉर्ट हैण्ड नोटबुक | प्रगति/अन्य कंपनी | 600 नग | |
| 25 | नीला पेन बटरफ्लो एवं रिफिल | सेलो कंपनी | 500 नग | |
| 26 | लाल पेन बटरफ्लो एवं रिफिल | सेलो कंपनी | 300 नग | |
| 27 | काला पेन बटरफ्लो एवं रिफिल | सेलो कंपनी | 200 नग | |
| 28 | रूलदार(सी.सी.) रजिस्टर बड़ा, 8 नं. | — | 20 नग | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 29 | रजिस्टर 4 नंबर | —— | 100 नग | |
| 30 | रजिस्टर 10 नंबर | —— | 100 नग | |
| 31 | टैग छोटा | बेस्ट क्वालिटी | 1500 लच्छी | |
| 32 | टैग बड़ा (लेस) | बेस्ट क्वालिटी | 1500 लच्छी | |
| 33 | पेपर वेट मीडियम साइज | —— | 300 नग | |
| 34 | पेपर पिन | —— | 500 पैकेट | |
| 35 | पिन कुशन | प्रीमियर कंपनी | 100 नग | |
| 36 | हाईलाइटर | कोरस कंपनी / अन्य | 100 नग | |
| 37 | पेपर कटर (प्लास्टिक ग्रिप) | —— | 100 नग | |
| 38 | स्टॉम्प पैड छोटा, नीला–लाल | अशोका कंपनी | 200 नग | |
| 39 | स्टॉम्प पैड बड़ा नीला | अशोका कंपनी | 100 नग | |
| 40 | कैंची स्टील | —— | 50 नग | |
| 41 | रंगीन फ्लैग | जे.के. / डिसेंट कंपनी | 100 पैकेट | |
| 42 | वाटर स्पंज (डैम्पर) | —— | 200 नग | |
| 43 | चपड़ा | सुप्रीम कंपनी | 100 पैकेट | |
| 44 | मोमबत्ती मोटी | —— | 50 नग | |
| 45 | पेन स्टैण्ड उच्च क्वालिटी | —— | 30 नग | |
| 46 | फाइल पैड लेस युक्त | —— | 3,000 नग | |
| 47 | बम्बई सुतली | —— | 20 कि.ग्रा. | |
| 48 | ब्राउन पेपर (खाकी पेपर) | —— | 100 दिस्ता | |
| 49 | कैल्कुलेटर मीडियम | ओरेवा / कैसियो | 10 नग | |
| 50 | कैल्कुलेटर बड़ा | ओरेवा / कैसियो | 10 नग | |
| 51 | टेबल कॉच | —— | 50 नग | |
| 52 | सूजा मूठदार (बड़ा) | —— | 300 नग | |
| 53 | कार्बन पेपर (काला) | कोरस कंपनी | 10 पैकेट | |
| 54 | कार्बन पेपर (नीला) | कोरस कंपनी | 100 पैकेट | |
| 55 | फाइल फोल्डर बैग, प्लास्टिक | —— | 100 नग | |
| 56 | प्रैक्टिकल फोल्डर, प्लास्टिक | —— | 100 नग | |
| 57 | फेविस्टिक 8 ग्राम | —— | 100 नग | |
| 58 | बोर्ड पेन नीला–लाल | —— | 50–50 नग | |
| 59 | बोर्ड पेन रिफिल, नीली–लाल | —— | 50–50 नग | |
| 60 | कपड़े (लट्ठा) का बस्ता साइज 44''X44'' | —— | आवश्यकतानुसार | |
| 61 | टेरीकॉट कपड़े का बस्ता साइज 44''X44'' | —— | आवश्यकतानुसार | |
| 62 | टाइटल पेज सिविल | —— | आवश्कतानुसार | |
| 63 | टाइटल पेज क्रिमिनल, V-202 | —— | आवश्यकतानुसार | |
| 64 | सादी पेंसल ब्लैक | नटराज | 50 पैकेट | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 65 | लाल–नीली पेंसिल | नटराज | 200 नग | |
| 66 | स्टेनो पेंसल | नटराज / अप्सरा | 100 नग | |
| 67 | रबर (नान डस्ट) | —— | 100 नग | |
| 68 | पेंसल कटर (शार्पनर) | —— | 100 नग | |
| 69 | नोटबुक स्पाइरल | —— | 100 नग | |
| 70 | सूजा बड़ा साइज सिलाई करने वाला | —— | 50 नग | |
| 71 | पटरी स्टील, साइज 12 इंच लंबाई | —— | 100 नग | |
| 72 | पटरी स्टील, साइज 18 इंच लंबाई | —— | 100 नग | |
| 73 | होल पंचिंग मशीन, | कंगारू / अन्य | 20 नग | |
| 74 | मैग्नीफाइड ग्लास, 8 एमएम, मीडियम साइज | —— | 20 नग | |
| 75 | टेबल टॉप | —— | 20 नग | |
| 76 | टेबल घंटी | —— | 50 नग | |

**टीपः–**

1– उपरोक्त तालिका में दर्शित क्रय की जाने वाली लेखन सामग्री की संख्या संभावित है जिसमें आवश्यकतानुसार कमी या वृद्धि की जा सकती है।

2– उपरोक्त तालिका में जिन लेखन सामग्री की कंपनी का नाम दर्शित है उन्हीं कंपनी की सामग्री की दर निविदाकर्त्ता प्रस्तुत करें एवं जिन लेखन सामग्री की कंपनी का नाम दर्शित नहीं है उनमें निविदाकर्त्ता द्वारा प्रदाय की जाने वाली कंपनी का नाम दर्शित करें।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
for जिला रीवा (म0प्र0)

निविदाकर्त्ता के हस्ताक्षर
नाम एवं पताः–
मो0ः–

# परिशिष्ट–बी
## तकनीकी विड में प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेज

| कमांक | दस्तावेजों का विवरण | रिमार्क |
|---|---|---|
| 1 | वित्तीय तकनीकी विड एवं ई.एम.डी. के अलग–अलग लिफाफे | |
| 2 | ई.एम.डी. की राशि ................................................................ | |
| 3 | पैन नंबर | |
| 4 | आयकर विवरण | |
| 5 | जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन | |
| 6 | नगद जमा की रसीद / डी.डी. राशि रूपये 250 / – | |